कार्यालय आयुक्त, चिकित्सा शिक्षा छत्तीसगढ़

स्वास्थ्य भवन, द्वितीय तल, नार्थ–ब्लॉक, सेक्टर–19, नवा रायपुर, अटल नगर, छ.ग. 492002

क्रमांक / 10045 / छात्र / काउंसिलिंग / संचिशि / 2024 रायपुर, दिनांक 29-10-2024

प्रवेश वर्ष 2024 दंत चिकित्सा स्नातक (BDS) पाठ्यक्रम हेतु नया रजिस्ट्रेशन (पंजीयन) सूचना

संचालनालय चिकित्सा शिक्षा द्वारा पत्र क्रमांक 9910 / छात्र / संचिशि / 2024 रायपुर, दिनांक 25.10.2024 के माध्यम से निजी दंत चिकित्सा महाविद्यालयों में रिक्त रह गई सीटों को भरने हेतु प्रवेश नियमानुसार नया रजिस्ट्रेशन कराने के संबंध में निर्देशित किया गया है।

जिसके अनुपालन में छत्तीसगढ़ चिकित्सा, दंत चिकित्सा एवं भौतिक चिकित्सा (फिजियोथेरेपी) स्नातक प्रवेश नियम 2018 के नियम 7 (v) के अनुसार सभी पात्र अभ्यर्थियों से नये रजिस्ट्रेशन हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। अतः उपरोक्त आदेशानुसार काउंसिलिंग की अगले चरण के लिए दंत चिकित्सा महाविद्यालयों की रिक्त रह गई सीटों हेतु नया पंजीयन एवं च्वाइस फीलींग ली जा रही है। जिसके उपरांत नये पंजीकृत अभ्यर्थियों की प्रावीण्य सूची जारी की जायेगी। आवंटन में सर्वप्रथम पूर्व से पंजीकृत अभ्यर्थियों को आवंटन किया जायेगा, जिसके उपरांत रिक्त रह गई सीटों पर नये पंजीकृत अभ्यर्थियों को आवंटन करके दोनो आवंटन सूचीयां प्रकाशित की जायेंगी। तत्पश्चात् संवीक्षा एवं प्रवेश की प्रक्रिया स्ट्रे वेकेंसी राउण्ड की समय–सारिणी के अनुसार ही की जायेगी।

नया रजिस्ट्रेशन (पंजीयन) करने की समय–सारिणी :–

क्र.	प्रक्रिया का विवरण	विवरण
1	ऑनलाईन आवेदन शुल्क **(Non Refundable)**	1. अनारक्षित श्रेणी (UR) एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) श्रेणी हेतु रू. 1000 /– (रू. एक हजार मात्र) 2. अनुसूचित जनजाति (ST) एवं अनुसूचित जाति (SC) श्रेणी हेतु रू. 500 /– (रू. पांच सौ मात्र)
2	ऑनलाईन आवेदन – प्रारंभ तिथि	दिनांक : 30 अक्टूबर 2024, समय : **Server Time 12:00 Hrs (12:00 Noon)** से
3	ऑनलाईन आवेदन – अंतिम तिथि	दिनांक : 31 अक्टूबर 2024, समय : **Server Time 23:59 Hrs (11:59 PM)** तक
4	च्वाइस फिलिंग एवं लॉकिंग (Choice Filling and Locking)	दिनांक 30 अक्टूबर 2024 समय **Server Time 12:00 Hrs (12:00 Noon)** से दिनांक 31 अक्टूबर 2024 समय **Server Time 23:59 Hrs (11:59 PM)** तक

क्रमश––2––

नोट :– आगामी काउंसिलिंग, आवंटन एवं अन्य जानकारी हेतु संचालनालय की वेबसाईट ***www.cgdme.in*** एवं एन.आई.सी. की वेबसाइट ***www.cgdme.admissions.nic.in*** का नियमित अवलोकन करते रहें।

(संचालक चिकित्सा शिक्षा द्वारा अनुमोदित)

29/10/2024

अध्यक्ष,
काउंसिलिंग समिति,
संचालनालय चिकित्सा शिक्षा, छ.ग.

संचालनालय आयुक्त चिकित्सा शिक्षा

नार्थ–ब्लॉक, सेक्टर–19, स्वास्थ्य भवन, द्वितीय तल, नवा रायपुर, अटल नगर, छत्तीसगढ़

क्रमांक/1109/छात्र/संचिशि/2024 रायपुर, दिनांक/25/10/24

प्रति,

अध्यक्ष
काउंसिलिंग समिति
संचालनालय चिकित्सा शिक्षा
छत्तीसगढ़

विषय :– बी.डी.एस. कोर्स की रिक्त सीटों में प्रवेश हेतु नया रजिस्ट्रेशन प्रारंभ करने बाबत्।

संदर्भ :– Association of Private Medical and Dental Colleges of Chhattisgarh Ref/APMDCC/20 Date 21-10-202.

–00–

विषयान्तर्गत लेख है कि संदर्भित पत्र माननीय मंत्री जी छत्तीसगढ़ शासन लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा एवं बीस सूत्री कार्यक्रम विभाग के टिप के साथ कार्यालय में प्राप्त हुआ है। जिसमें प्रवेश नियमानुसार निजी दंत चिकित्सा महाविद्यालयों में रिक्त रह गई सीटों को भरने हेतु पुनः नया रजिस्ट्रेशन कराने के संबंध में निर्देशित किया गया है।

अतः काउंसिलिंग के अगले चरण के लिए दंत चिकित्सा महाविद्यालयों की रिक्त रह गई सीटों हेतु नया पंजीयन एवं च्वाईस फीलींग ली जाए एवं नए पंजीकृत अभ्यर्थियों की प्राविण्य सूची जारी की जाए। आवंटन में सर्वप्रथम पूर्व से पंजीकृत अभ्यर्थियों को आवंटन किया जाए, उसके उपरांत रिक्त रह गई सीटों पर नए पंजीकृत अभ्यर्थियों को आवंटन करके दोनों आवंटन सूची प्रकाशित की जाए। जिससे पूर्व में पंजीकृत अभ्यर्थियों की प्रावीण्यता प्रभावित ना हो।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार।

Baikme

संचालक चिकित्सा शिक्षा
छत्तीसगढ़

पृ. क्रमांक/ /छात्र/संचिशि/2024 रायपुर, दिनांक/

प्रतिलिपी–

1. विशेष सहायक, माननीय मंत्री जी, छ.ग. शासन परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
2. अशोक अग्रवाल (अध्यक्ष) Association of Private Medical and Dental Colleges of Chhattisgarh की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

//

संचालक चिकित्सा शिक्षा
छत्तीसगढ़

जावक क्रमांक 1109

Scanned with OKEN Scanner